एक नजर में

अन्नपूर्णा सिरसाम होंगी बैतूल एसडीओपी

बैतूल। करीब डे? वर्ष तक बैतूल एसडीओपी रहे सुनील लाटा का भोपाल मुख्यालय तबादला हो गया है। उनकी जगह ग्वालियर में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी अन्नपूर्णा सिरसाम को बैतूल का नया एसडीओपी बनाया गया है। वे मूलत: छिंदवा?ा जिले की रहने वाली हैं। फील्ड में उनकी यह पहली पदस्थापना है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों से सामंजस्य न बैठ पाने के कारण संभवत: लाटा को मुख्यालय जाना प?ा है। पूर्व में भी शहर में ब?ती चोरी और अन्य घटनाओं घटनाओं के बाद उनके तबादले की चर्चाएं थीं। इधर लाटा के तबादले के बाद व्यापारी नाराज बताए जा रहे हैं। व्यापारियों के एक समूह ने उनके तबादले का विरोध भी किया है। इस संबंध में व्यापारी संघ प्रदेश भाजपाध्यक्ष और विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल से भी मुलाकात करने वाला है। दूसरी तरफ संभावना है कि नई एसडीओपी कुछ ही दिनों में पदभार ग्रहण कर सकती हैं।

30 जून को कलेक्ट्रेट तक निकलेगी रैली

बैतूल। पेंशनरों की छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 30 जून मंगलवार को बैतूल में धरना, रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रांत अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की जाएगी। जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे ने बताया कि प्रांत स्तर पर पेंशनरों की छह सूत्रीय मांगों को शासन से स्वीकृत कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 10 जून को पूरे मध्यप्रदेश में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपे गए थे। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप वित्त विभाग द्वारा मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को समाप्त करने के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भेजा गया है। संगठन का दावा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति मिलते ही धारा 49 समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के तहत 30 जून को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैतूल जिले में सभी पेंशनर्स को सुबह 11-30 बजे कड़वे निवास पर आयोजित नियमित मासिक बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में धरना, रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम को लेकर चर्चा और संबोधन होगा। इसके बाद दोपहर 2-45 बजे कर्मचारी भवन से प्रतिनिधिमंडल रैली के रूप में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। संगठन ने दावा किया कि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन लगातार पेंशनरों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है, जबकि अन्य संगठनों ने इस दिशा में कोई प्रभावी आंदोलन नहीं किया। संगठन का कहना है कि उसके सतत प्रयासों के कारण शासन को महंगाई राहत सहित अन्य लाभ देने पड़े हैं। सुन्दरलाल कड़वे ने बताया कि हाल ही में जबलपुर न्यायालय ने 32 माह एवं 27 माह के एरियर भुगतान के मामले में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार की अपील खारिज कर दी है।

स्थानीय किसानों को कॉफी उत्पादन से जोड़ें : मुख्यमंत्री यादव

नवभारत न्यूज

बैतूल, 28 जून. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू स्थित कॉफी बागान का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कॉफी बागान के इतिहास, भू-गर्भीय परिस्थितियों एवं यहां उपलब्ध प्राकृतिक वातावरण की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कॉफी बगान का किया अवलोकन

बुच पाइंट का भी किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉफी की खेती की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए स्थानीय किसानों को कॉफी उत्पादन से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कॉफी उत्पादन क्षेत्र के ग्रामीणों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कॉफी प्रोसेसिंग का कार्य कर रही ल-वॉन कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर कॉफी प्रोसेसिंग, विपणन एवं क्षेत्र में कॉफी उत्पादन के विस्तार की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि कुकरू में वर्ष 1944 में ब्रिटिश महिला फ्लोरेंस हेंड्रिक्स द्वारा कॉफी बागान की स्थापना की गई थी। यह कॉफी बागान लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और वर्तमान में क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक एवं कृषि धरोहर के रूप में पहचान रखता है। इस दौरान कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुकरू में बुच पॉइंट का किया अवलोकन : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने बैतूल प्रवास के दौरान रविवार को जिले के प्रसिद्ध हिल स्टेशन कुकरू स्थित बुच पॉइंट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बुच पॉइंट से चारों ओर फैली हरियाली, पर्वतीय श्रृंखलाओं और प्रकृति के अद्भुत नजारों का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कुकरु की वादियां प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर हैं और यहां का वातावरण मानसिक शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि यह स्थल सूर्योदय दर्शन बिंदू व बुच पॉईन्ट के रूप में प्रसिद्ध है। इस स्थल का नाम बुच पॉइन्ट बैतूल जिले में 4 जनवरी 1962 से 4 जनवरी 1965 तक कलेक्टर रहे श्री महेश नीलकंठ बुच की स्मृति में पड़ा, इनकी धर्मपत्नी निर्मला बुच (म.प्र) राज्य की प्रथम महिला मुख्य सचिव रही। इस स्थल से सूर्योदय के समय पवन चक्किया एवं प्राकृतिक वादियों के बीच सूरज उगता हुआ दिखाई देता है, जो की एक अत्यन्त मनोरथ दृश्य बनता है। तलहटी में कोरकू जनजातीय बाहुल्य लोकलदरी नामक ग्राम है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य एवं सांसद दुर्गादास उइके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान सहित कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना के प्रजेंटेशन का किया अवलोकन

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं वन विभाग द्वारा प्रस्तावित पर्यटन विकास की कार्ययोजना संबंधी प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया। इस दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तावित पर्यटन विकास गतिविधियों की जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि कुकरू के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का विकास किया जाएगा। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को होम-स्टे गतिविधियों से जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से कुकरू में ईको रिसॉर्ट, होम-स्टे एवं विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का विकास किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण में कॉफी उत्पादन को बढ़ावा देने, प्रदेश के एकमात्र ताप्ती कंजर्वेशन क्षेत्र, बटरफ्लाई पार्क सहित अन्य पर्यटन संभावनाओं के विकास संबंधी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर वन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जिले के सागौन उत्पाद से निर्मित हिरण की कलाकृति तथा नंदा हनी सहित अन्य उत्पाद भेंट किए गए। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक महेंद्र सिंह चौहान, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

सीएम से मिलने जा रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले के दौरे के दौरान रविवार को पुलिस ने युवा कांग्रेस के करीब दो दर्जन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल कुकरू जा रहे थे। वहां वे अपनी विभिन्न मांगों और स्थानीय मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में थे। पुलिस ने उन्हें खेड़ी क्षेत्र में रोककर हिरासत में लिया और बैतूल ले आई। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन सुबह से ही खेड़ी क्षेत्र में तैनात था। साथ ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जैसे ही कार्यकर्ताओं का

काफिला कुकरू की ओर बढ़ा, पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए नेताओं में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागदरे, सरफराज खान और प्रदीप कोकाटे सहित करीब दो दर्जन कार्यकर्ता शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी अभिषेक परमार बैतूल में संगठनात्मक बैठक लेने पहुंचे थे। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचकर विरोध दर्ज कराने की योजना बनाई थी। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत वागदरे ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में भू-माफियाओं का बोलबाला है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है और मुख्यमंत्री से जुड़े भूमि घोटालों के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस इन्हीं जनहित के मुद्दों को मुख्यमंत्री के सामने उठाना चाहती थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही हिरासत में लेकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया। गौरतलब है कि शनिवार को भी मुख्यमंत्री के दौरे से पहले भैंसदेही में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम सहित दो दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया था।

किसानों की समस्याओं को लेकर होगा आंदोलन

बैतूल। शाहपुर में किसानों एवं आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर 1 जुलाई को लोकतांत्रिक आंदोलन आयोजित किया जाएगा। आंदोलन के दौरान किसानों की उपेक्षा और जनसमस्याओं के निराकरण में हो रही देरी के विरोध में कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा। साथ ही किसानों एवं आम नागरिकों से संबंधित मांगों का ज्ञापन एसडीएम शाहपुर को सौंपा जाएगा। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन का नेतृत्व शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू वरकड़े, अविनाश भलावी और निलेश करोचे करेंगे। आंदोलन 1 जुलाई को सुबह 11 बजे शाहपुर ब्लॉक मुख्यालय पर शुरू होगा, जहां किसान, युवा और आमजन एकत्रित होंगे। ज्ञापन में किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने, ई-टोकन व्यवस्था में सुधार कर नगद भुगतान पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर पूर्णत: रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रहेगी। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित 12 हजार रुपये के शौचालय अनुदान का तत्काल भुगतान, छात्रावासों में जरूरतमंद एवं पात्र विद्यार्थियों को पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिलाने, अवैध रेत खनन पर तत्काल रोक लगाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग भी उठाई जाएगी, ताकि किसानों की खेती और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कमलेश यादव ने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल होकर किसान एकता को मजबूत बनाने और किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने की अपील की है।

30 घंटे के बाद कुएं से सुरक्षित निकाला गया तेंदुआ

मुलताई। ग्राम वंडली में वन परिक्षेत्र सीमा के पास एक कृषक के कुएं में शुक्रवार दोपहर में एक स्वान का शिकार करते हुए एक 4 वर्षीय नर तेंदुआ गिर गया था। जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला हरकत में आ गया और कुएं से तेंदुए को सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जाने लगे ,जिसके लिए जिला मुख्यालय एवं नर्मदा पुरम से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू टीम धारा तेंदुए को लोहे के पिंजरे में कैद कर कुएं से बाहर निकल गया ।यह सफल रेस्क्यू अभियान शनिवार रात लगभग 8 बजे पूरा किया गया। कुएं में पानी होने के कारण तेंदुए को बेहोशी का इंजेक्शन नहीं दिया गया। बेहोशी का इंजेक्शन देने कारण तेंदुआ पानी में डूब सकता था। वन विभाग की टीम ने सावधानी के साथ अभियान चलाया। विशेष पिंजरे और अन्य आवश्यक उपकरणों की मदद से तेंदुए को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। करीब 30 घंटे तक चले इस अभियान के दौरान अधिकारी और कर्मचारी लगातार मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी ।अधिकारियों के अनुसार, तेंदुआ सुरक्षित है और उसकी स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण किया जा रहा है ।आवश्यक जांच के बाद तेंदुए को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

नपाध्यक्ष ने किया पोलियो अभियान का शुभारंभ

आमला। नगर पालिका परिषद आमला के अध्यक्ष नितिन गाडरे ने रविवार को सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष की धर्मपत्नी सोनम नितिन गाडरे ने अपने पुत्र मोरेश्वर को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का संदेश दिया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं,

क्योंकि दो बूंद जिंदगी की हर बच्चे के स्वस्थ भविष्य के लिए जरूरी है। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. राकेश बचले ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर तथा निर्धारित बूथों पर जाकर पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे ।कार्यक्रम में अस्पताल का स्वास्थ्य अमला एवं स्टाफ भी उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया तथा अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

छल-कपट करने वालों का साथ दे रही हैं नपा अध्यक्ष : माहोरे

मुलताई। ताप्ती न्यास और ताप्ती मंदिर ट्रस्ट गठन बयान को लेकर उत्पन्न विवाद पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार के बयान पर पलटवार करते हुए उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञान की कमी के कारण सूरज को दिया दिखाने की कोशिश कर रही है। चंद दिनों पहले भाजपा से कांग्रेस फिर कांग्रेस से भाजपा में पलटी मारने वाली नपा अध्यक्ष भाजपा नेतृत्व के सामने अपनी निष्ठा साबित करने के लिए बिना सोचे समझे उल्टी सीधी बयानबाजी कर रही है। अध्यक्ष को अभी अपनी नगरपालिका का पूरा ज्ञान नहीं हुआ और अपने से वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के काम का ब्यौरा मांग रही है। जबकि ज्यादा दिन नहीं बीते जब भाजपा के षड्यंत्रों से परेशान होकर अपनी कुर्सी पाने के लिए नपा अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सुखदेव पांसे से गुहार लगा रही थी और आज कुर्सी मिलने पर उन्हीं के खिलाफ झूठ फैला रही है। कांग्रेस पार्षदों के सहयोग से नपा अध्यक्ष बनने वाली नगरपालिका अध्यक्ष को पहले केंद्रीय मंत्री और सांसद डीडी उइके से पूछना चाहिए कि आज तक वो पवित्र नगरी में एक ट्रेन क्यों नहीं रुकवा पाए।

पीएम मोदी की मन की बात में गंज मंडल अव्वल

बैतूल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण के व्यापक प्रसारण एवं जनसहभागिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी, बैतूल के गंज मंडल ने मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह और हर्ष का वातावरण है। गंज मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक कार्यक्रम का प्रभावी एवं सफल आयोजन कर अधिक से अधिक नागरिकों को प्रधानमंत्री जी के विचारों से जोड़ने का कार्य किया। भाजपा पदाधिकारियों के

अनुसार, मंडल की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं के समर्पण के कारण यह उल्लेखनीय सफलता संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान गंज मंडल के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत, अनुशासन और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ संगठन के अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य जारी रहेगा तथा गंज मंडल बैतूल जिले और मध्य प्रदेश का नाम इसी प्रकार आगे भी गौरवान्वित करता रहेगा।

पोलियो अभियान के तहत पिलाई दवा

मुलताई। पोलियो दिवस पर नगर के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र शास्त्री वार्ड में पार्षद महेंद्र जैन ने बच्चों को दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का आव्हान किया और अभियान का महत्व बताया। आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि पोलियो दिवस 28 जून से 30 जून तक मनाया जाएगा।

सेफ क्लिक अभियान की ग्रामीणों को दी जानकारी

सारनी। सेफ क्लिक अभियान के पांचवे दिन साप्ताहिक बाजार सारनी मे ग्रामीणों को साइबर धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी। रविवार को साप्ताहिक बाजार मे शिविर लगाकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एएसआई अनिल मौर्य ने ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय विस्तार जानकारी दी। थाना प्रभारी जयपाल इनवाती ने कहा कि सेफ क्लिक अभियान 24 जून से 8 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान की जानकारी जन जन पंहुचा कर लोगो को जागरूक

करना है। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र एवं छात्रों, ग्रामीणों एवं धार्मिक स्थलों पर जाकर सेफ क्लिक अभियान की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। छोटी सी लापरवाही आर्थिक नुकसान और मानसिक परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर तुरंत सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए एवं शिकायत प्रक्रिया की समझाईश दी गई।

प्रकट दिवस पर सतलोक आश्रम में हो रहे आयोजन

बैतूल। सतलोक आश्रम में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में परमेश्वर कबीर साहेब के प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशाल महा समागम का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन आज सोमवार होगा।

समागम में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम के दूसरे दिन आश्रम में कई परोपकारी और समाज कल्याण के कार्य किए गए। महासमागम की शुरुआत तीन दिवसीय अखंड पाठ के साथ हुई, जिससे पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। समागम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चौबीसों घंटे शुद्ध देशी घी से निर्मित भंडारा चल

रहा है जिसमें मिष्ठान, सब्जी, पूड़ी, दाल, चावल आदि का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही, मानव कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते हुए आश्रम में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जिला चिकित्सालय बैतूल की टीम को 254 यूनिट रक्त डोनेट किया। साथ ही संत रामपाल जी महाराज के 5850 अनुयायियों ने चिकित्सा विज्ञान और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ते हुए स्वेच्छा से देहदान के फॉर्म भी भरे। महासमागम में 55 जोड़े बिना किसी फिजूलखर्ची, दिखावे, बैंड-बाजे या बारात के सादगीपूर्ण तरीके से एक पवित्र रिश्ते में बंधे। यह विवाह पूरी तरह से दहेज रहित था। गुरुवाणी के माध्यम से मात्र 17 मिनट के भीतर विवाह की यह अनोखी और सादगीपूर्ण रस्म पूरी की गई, जो आज के समय में फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ एक बड़ी क्रांति है। आश्रम परिसर में कबीर साहेब जी सहित महापुरुषों के जीवन पर आधारित एक भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई गई। 3422 श्रद्धालुओं ने बुराइयां त्यागने का संकल्प लिया और संत जी से निशुल्क नाम दीक्षा लेकर मोक्ष का वास्तविक मार्ग अपनाया। महा समागम का समापन भोग की वाणी के साथ आज होगा। आश्रम सेवादारों ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

पोलियो की खुराक पर दिए उपहार

बैतूल। पल्स पोलियो अभियान को अधिक प्रभावी और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग से संबद्ध राज्य आनंद संस्थान के ताप्ती आनंद क्लब, बैतूल ने रविवार को पोलियो पिलाओ, उपहार पाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक-1 में आयोजित इस अभिनव पहल के तहत पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाने के बाद उन्हें गुब्बारे, चॉकलेट और ड्राई फ्रूट भेंट किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता बढ़ाने वाला अभियान बताया।

ओपन जिम के उपकरण बारिश में हो रहे खराब

मुलताई ।नगर के एक्सीलेंस स्कूल ग्राउंड पर पूर्व विधायक सुखदेव पांसे द्वारा विधायक निधि से ओपन जिम का निर्माण करवाया गया था लेकिन इस स्थान पर छात्रावास का निर्माण होने के कारण ओपन जिम को दूसरे स्थान पर लगाने के लिए ओपन जिम सामग्री निकाली गई, लेकिन नगरपालिका अधिकारियों की लापरवाही के कारण डेढ़ महीने से ये उपकरण खुले में पडे है और बारिश में खराब हो रहे है।

उपकरण निकालने के दौरान सावधानी नहीं बरतने से कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त भी हो चुके है । रविवार को सभापति निर्मला उबनारे,पार्षद अंजलि शिवहरे एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित शिवहरे ने खुले में प? ओपन जिम

के उपकरणों को देखकर नाराजगी जताई । सभापति निर्मला उबनारे ने बताया कि डे? महीने से ओपन जिम के उपकरण मैदान पर रखे रखे बारिश से खराब हो रहे है उन्होंने अधिकारियों से इसे शीघ्र दूसरे स्थान पर लगाने के लिए कह रही है लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है । पार्षद अंजलि शिवहरे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस ओपन जिम पर तंदुरुस्त रहने के लिए रोजाना सैकड़ों लोग व्यायाम करने आते थे लेकिन इतना समय बीतने के बाद भी इसे दूसरी जगह लगाने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन नहीं हो पाया है । पार्षदों ने ओपन जिम की सामग्री क्षतिग्रस्त करने वाले ठेकेदार पर भी कार्यवाही की माँग की है ।